प्रेस विज्ञप्ति

आगरा ने सुपर क्रिकेट ट्रॉई स्टेट चैम्पियनशिप–2018 जीती

शारदा ग्रुप के हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलाजी में ''सुपर क्रिकेट ट्रॉई स्टेट चैम्पियनशिप–2018'' (अंण्डर–19, 20–20) क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल मैच आगरा (स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल) और जयपुर की टीम के मध्य खेला गया।

जयपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जयपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 86 रन का लक्ष्य दिया। आगरा की टीम ने 11 ओवर में ये लक्ष्य प्राप्त कर लिया और 9 विकेट से जीत हासिल की।

विजेता टीम की ओर से घ्रुव कुमार ने 11 बॉल में 35 रन और विजय कुमार ने 8 बॉल में 25 रन बनाकर अपनी टीम को विजय तक पहुंचाया।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि श्री समीर चतुर्वेदी (वैटरन क्रिकेट प्लेयर) और कॉलेज के अधिशासी निदेशक ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया।

इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे आगरा टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जयपुर की टीम ने द्वितीय और गाजियाबाद की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री समीर चतुर्वेदी और कॉलेज के अधिशासी निदेशक

ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र और मैडल देकर सम्मानित किया।

मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरिज का पुरुस्कार आगरा के ध्रुव कुमार को दिया गया।

इस अवसर पर डॉ. हरी पाठक ने मुख्य अतिथि को और विजय कुमार शर्मा ने विशिष्ट अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

फाइनल मैच के निर्णायक दीपक सिंह, युवराज यादव, राहुल साही, सागर सिंह रहे।